# आदेश

उ0प्र0 शासन राजस्व अनुभाग-1 लखनऊ के शासनादेश संख्या-32/744/एक-1-2016-20(5)/2016 दिनांक 03.06.2016 का आंशिक परिष्कार करते हुए और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 8 सन् 2012) की धारा-59 की उपधारा-(4) के खण्ड (ग) तथा उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 के नियम 55 द्वारा प्राप्त शक्ति का प्रयोग करके तथा शासकीय अधिसूचना संख्या-687/एक-1-2020 -20(5)/2016 दिनांक 06.07.2020 द्वारा प्रतिनिहित अधिकारो का प्रयोग करते हुए मैं प्रवीण कुमार लक्षकार, जिलाधिकारी, मीरजापुर संलग्न अनुसूची के स्तम्भ 6 में उल्लिखित भूमि को, जो अब तक गाँव पंचायतों/स्थानीय प्राधिकारियों के प्रबन्धन में निहित थी, फिर से अपने अधिकार में लेता हूँ ।

## अनुसूची

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | तहसील | परगना | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0) | भूमि की श्रेणी/प्रकृति | विवरणः- प्रयोजन जिसके लिए भूमि पुर्नग्रहण की जा रही है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | मीरजापुर | लालगंज | कंतित | सगरा | 28/1मि0 | 6.4325 | श्रेणी-5(3) (ड़) बंजर | जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के बदले ग्राम सभा की भूमि वन विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ के निवर्तन पर रखा जाता है। |

पुनर्ग्रहीत भूमि का उपयोग स्तम्भ-9 में उल्लिखित प्रयोजन में ही किया जाएगा। यदि किसी कारणवश उक्त भूमि का उपयोग इस निमित्त 3 वर्ष के भीतर नहीं किया जाता है तो यह भूमि पूर्ववत गाँव सभा में निहित हो जाएगी।

02/06

(प्रवीण कुमार लक्षकार)
जिलाधिकारी
मीरजापुर ।

## कार्यालय जिलाधिकारी मीरजापुर ।

संख्या- 1258 /जि0भू0व्यव0लि0/पुनर्ग्रहण/2022 दिनांकः जून02,2022

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, राजस्व, उ0प्र0शासन, लखनऊ ।
2. अपर मुख्य सचिव, वन, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।
3. जिलाधिकारी सोनभद्र ।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर ।
5. उप जिलाधिकारी लालगंज मीरजापुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पुनर्ग्रहीत भूमि नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में करवाते हुए तरमीम भू-मानचित्र वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।
6. अध्यक्ष, भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम सगरा तहसील लालगंज मीरजापुर ।

02/06

जिलाधिकारी
मीरजापुर ।

प्रति हस्ताक्षरित

(अँकुर बाजपेई)
तकनीकी सलाहकार
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग
मीरजापुर